पत्रांक -भवन / स्था0- 02 -विविध--20 / 2019.......... 10567 (र)

(35)

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

द्वारा:– वित्त विभाग।

पटना दिनांक– 05/12/19

विषय:– भवन निर्माण विभाग के अन्तर्गत उद्यान प्रमंडल, पटना के कार्यों के सम्यक एवं सुचारू संचालन हेतु गैर योजना मद में कुल ₹30,86,40,000/– (तीस करोड़ छियासी लाख चालीस हजार रूपये) मात्र अनुमानित वार्षिक व्यय पर उद्यान प्रमंडल, पटना में परिचारी (माली) (समूह–'घ') के कुल 1000 (एक हजार) पदों का सृजन।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध कहना है कि राज्य सरकार के अधीन मुख्यालय पटना में स्थित विभिन्न महत्त्वपूर्ण आवासीय/गैर आवासीय भवनों के परिसरों यथा–राजभवन, विधान मंडल, विभिन्न सचिवालय भवनों, मुख्यमंत्री सचिवालय एवं आवासीय परिसर, माननीय न्यायाधीशों, माननीय मंत्रियों, विधायकों एवं अन्य उच्चाधिकारियों के आवासीय उद्यानों के साथ–साथ अन्य महत्त्वपूर्ण उद्यानों एवं पार्कों के रख–रखाव तथा उद्यान संबंधी कार्यों के निष्पादन हेतु राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–19.11.2019 में मद संख्या–3 के रूप में संलग्न विवरणी **(यथा परिशिष्ट–1)** के अनुसार कुल ₹30,86,40,000/– (तीस करोड़ छियासी लाख चालीस हजार रूपये) मात्र वार्षिक अनुमानित व्यय पर उद्यान प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना के अन्तर्गत कुल 1000 (एक हजार) परिचारी (माली) (समूह–'घ') के पदों **(यथा परिशिष्ट–2)** का गैर योजना मद में सृजन की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

2. **(i)** उक्त पदों के स्थापना व्यय का वहन गैर योजना अन्तर्गत मांग सं–3 के अन्तर्गत मुख्यशीर्ष– 2059–लोक निर्माण कार्य–उप मुख्य शीर्ष–80–सामान्य–लघु शीर्ष–001–निदेशन और प्रशासन–उपशीर्ष–0011 –उद्यान स्थापना, विपत्र कोड–03–2059800010011 से विकलनीय होगा।

(ii) बाह्य स्त्रोत/संविदा के आधार पर सेवा प्राप्त कर्मियों के मानदेय/पारिश्रमिक का भुगतान उपशीर्ष–0011–उद्यान स्थापना–28–व्यावसायिक सेवाएँ–0011.28.02–संविदा सेवाएँ विपत्र कोड–03– 2059800010011 के अन्तर्गत सरकार द्वारा निर्धारित दर पर किया जायेगा। उक्त व्यय हेतु अलग से आवश्यक राशि की स्वीकृति संगत बजट उपबंध में की जायेगी।

3. इन सृजित पदों के लिए संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी अथवा प्राधिकृत पदाधिकारी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होगें।

4. इस राज्यादेश के अन्तर्गत राशि की निकासी संबंधित कोषागार, बिहार से की जायेगी।

अनुरोध है कि संबंधित कार्यालय हेतु प्राधिकृत निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के पदनाम से प्राधिकार पत्र शीघ्र निर्गत करने की कृपा की जाए।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

(सतीश कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक:– 10567 (र) पटना, दिनांक:– 05/12/19

प्रतिलिपि:– वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, ई-गजट कोषांग, वित्त विभाग/संबंधित कोषागार पदाधिकारी, कोषागार/उप कोषागार, बिहार को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0–यथोक्त।

सरकार के अपर सचिव।

कृ0पृ0उ0. ....

पटना, दिनांक:– 05

प्रतिलिपि:-- सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/मुख्य सचिव, बिहार के पदाधिकारी/प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग/वित्त विभाग/पथ निर्माण विभाग कार्य विभाग/सचिव, बिहार विधान सभा/सचिव, बिहार विधार परिषद्/प्रबंध बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना/माननीय मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग/सभी मुख्य अभियंता/निदेशक (अनुश्रवण)/मुख्य वास्तुविद्/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/कार्यपालक पदाधिकारी/मुख्यालय स्थित सभी राजपत्रित पदाधिकारी/बजट प्रशाखा (गु0) एवं आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0–यथोक्त।

सरकार के अपर सचिव।

परिशिष्ट–1

भवन निर्माण विभाग के अन्तर्गत उद्यान प्रमंडल, पटना में मालियों के पदों का सृजन संबंधी व्यय विवरणी:–

क्र0 सं0	पदनाम/वेतन स्तर	सृजित पदों की संख्या	मूल वेतन	मंहगाई भत्ता (12%)	मकान किराया भत्ता	चिकित्सा भत्ता	परिवहन भत्ता (1500+DA)	कुल वेतन प्रतिमाह	वार्षिक वेतन व्यय	अभ्युक्ति
1	2	3	4	7	8	9	10	12	13	14
1	परिचारी (माली) (समूह-'घ')/(Level-1)	1000	18000	2160	2880	1000	1680	25720000	308640000	
	कुल योग								308640000	

(तीस करोड़ छियासी लाख चालीस हजार रूपये)

(सतीश कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव।

D:/Sanjay/... Folder/Garden Division Division/Sheet-1/GAZ... SEC xs

परिशिष्ट–2

भवन निर्माण विभाग के अन्तर्गत उद्यान प्रमंडल, पटना में मालियों के पद सृजन के फलस्वरूप उनके कार्य संबंधी विवरणी:-

क्र0 सं0	पदनाम/वेतनमान	पूर्व से नियमित स्थापना में सशर्त्त सम्परिवर्तित पद	सृजित पदों की सं0	कुल पद	कार्यक्षेत्र	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7
1	परिचारी (माली) (समूह-'घ')/(Level-1)	00	1000	1000	मुख्यालय पटना में स्थित विभिन्न महत्त्वपूर्ण आवासीय/गैर आवासीय भवनों के परिसरों यथा-राजभवन, विधान मंडल, विभिन्न सचिवालय भवनों, मुख्यमंत्री सचिवालय एवं आवासीय परिसर, माननीय न्यायाधीशों, माननीय मंत्रियों, विधायकों एवं अन्य उच्चाधिकारियों के आवासीय उद्यानों के साथ-साथ अन्य महत्त्वपूर्ण उद्यानों एवं पार्कों के रख-रखाव तथा उद्यान संबंधी कार्य।	पूर्व में कार्यभारित पदों जिन्हें सशर्त्त नियमित स्थापना में सम्परिवर्तित किया गया है, के विरुद्ध कार्यरत कर्मी के सेवानिवृत्ति/मृत्यु/बर्खास्तगी के उपरान्त उक्त पद स्वतः समाप्त हो रहे है।

(सतीश कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव।

D:/Sanjay Kr. Ap./Subodh Sir Folder/Garden Division Division/Sheet 2/GAZETTE SEC.xls

भवन निर्माण विभाग

....

भवन निर्माण विभाग के संलेख ज्ञापांक–9890 दिनांक–13.11.2019 में सन्निहित प्रस्ताव मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–19.11.2019 में मद संख्या–03 के रूप में सम्मिलित किया गया। बैठक की कार्यवाही के अवतरण के साथ आपकी संचिका लौटायी जाती है।

3.	भवन निर्माण विभाग के अन्तर्गत उद्यान प्रमंडल, पटना के कार्यों के सम्यक एवं सुचारू संचालन हेतु गैर योजना मद में कुल ₹30,86,40,000/–(तीस करोड़ छियासी लाख चालीस हजार रूपये) मात्र अनुमानित वार्षिक व्यय पर उद्यान प्रमंडल, पटना में परिचारी (माली) (समूह–'घ') के कुल 1000 (एक हजार) पदों का सृजन।	3.	स्वीकृत।

19.11.19

(उपेन्द्र नाथ पाण्डेय)
सरकार के विशेष सचिव
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

25/11/19
अ.प्र.2 चंचल कुमार

25/11/19

उपसचिव (रा.)

25/XI/19

अनुमोदित टिप्पणी। क्षमा
25/11/2019

S.O. स्थापना-2